# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज – 211002

पत्रांक– 3133 /04(2026)/अधियाचन/ 2025–26 दिनांक 20/03/2026

## संक्षिप्त–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मा0 आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET)–2026 प्राथमिक स्तर (कक्षा–1 से 5) एवं उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा–6 से 8) का विज्ञापन दिनांक 20.03.2026 से आयोग की वेबसाइट https://upessc.up.gov.in/ पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) – 2026 में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों की सुगमता हेतु One Time Registration (OTR) व्यवस्था लागू की गयी है। अतः OTR पूर्ण करने के पश्चात ही अभ्यर्थीगण शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) – 2026 हेतु आवेदन करें। विस्तृत विज्ञापन निर्देश–पुस्तिका सहित आयोग की उक्त संदर्भित वेबसाइट पर प्रदर्शित https://uptet.upessc.org/otr/info लिंक पर क्लिक(Click) कर देख अथवा पढ़ सकते है। निर्धारित अर्हता पूरित करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपलोड विस्तृत विज्ञापन का सावधानी पूर्वक अध्ययन करने के उपरान्त दिनांक 27 मार्च, 2026 से प्रारम्भ होने वाली आवेदन प्रक्रिया में अपना आवेदन करें।

उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) – 2026 से सम्बन्धित प्रमुख तिथियॉ निम्नवत है :–

| | |
|---|---|
| • ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन/शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि – | 27 मार्च, 2026 |
| • ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन/शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि – | 26 अप्रैल, 2026 |
| • आवेदन पत्र में संशोधन व शुल्क समाधान (Bank Reconciliation) की अंतिम तिथि – | 01 मई, 2026 |
| • परीक्षा तिथि – | 02, 03 व 04 जुलाई, 2026 |

(संजय कुमार सिंह)
उपसचिव